(9)

PAUPRV-HR(HR04)/12/2025-SO HR-04

I/21635/2025

यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार
14, अशोक मार्ग, लखनऊ-226001
CIN : U31901UP1985SGC007135

UPRVUNL

पत्रांक: I/21635/2025SE HR -04 दिनांक: 20-08-2025

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के निदेशक मण्डल के अनुमोदन की प्रत्याशा में जवाहरपुर तापीय परियोजना पर तैनात ऐसे कार्मिक, जो कि एटा शहर की नगरपालिका सीमा में निवासित हैं, को आदेश निर्गमन की तिथि से 02 वर्ष अथवा जवाहरपुर तापीय परियोजना पर आवासीय सुविधा उपलब्ध हो जाने (जो भी पहले हो) तक, निगमादेश संख्या 1941/मा०सं०(04)/उ०नि०लि०/2018 दिनांक 30.10.2018 द्वारा एटा हेतु निर्धारित मकान किराये भत्ते की अनुमन्यता निम्नांकित प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है :-

1. कार्मिक द्वारा एटा शहर की नगरपालिका सीमा में अध्यासित रहने सम्बन्धी घोषणा-पत्र संलग्न प्रारूप में उपलब्ध कराये जाने एवं अध्यासन सम्बन्धी समुचित साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त ही सम्बन्धित लेखा इकाई द्वारा कार्मिक को नियमानुसार एटा शहर का एच०आर०ए० भुगतान किया जायेगा।

2. उक्त आदेश निर्गमन की तिथि से प्रभावी होगा एवं कार्मिकों को किसी भी प्रकार के एरियर का भुगतान अनुमन्य नहीं होगा।

3. मकान किराया भत्ता अनुमन्यता के सम्बन्ध में पूर्व से लागू अन्य शर्तें व प्रतिबन्ध यथावत् प्रभावी रहेंगे।

अध्यक्ष

पत्रांक: I/21635/2025SE HR -04 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

01. अध्यक्ष, यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि०, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
02. प्रबन्ध निदेशक, यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि०, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
03. निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन/वित्त/तकनीकी/परियोजना एवं वाणिज्य), यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि०, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ के स्टॉफ ऑफीसर/निजी सचिव।

04. मुख्य अभियन्ता, जवाहरपुर तापीय परियोजना, यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, मलावन (एटा)।

05. महाप्रबन्धक (मा0सं0), यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

06. कम्पनी सचिव, यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

07. मुख्य परियोजना प्रबन्धक, प्रगति, यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि०, एस०एल०डी०सी० परिसर, विद्युत सेवा आयोग भवन, तृतीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 को निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

08. अधीक्षण अभियन्ता/उप-महाप्रबन्धक (औद्योगिक सम्बन्ध/वित्त/लेखा), यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि०, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

09. लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा), यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि०, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

10. मुख्य लेखाधिकारी/उप-मुख्य लेखाधिकारी/वरिष्ठ लेखाधिकारी, जवाहरपुर तापीय विद्युत परियोजना, यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि०, मलावन(एटा)।

11. मुख्य प्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

12. कट् फाइल।

आज्ञा से,

20/08/2025

(प्रवीण कुमार)

अधीक्षण अभियन्ता (मा०सं०-04)

घोषणा पत्र

मैं ..... पुत्र/पुत्री .....
..... यह घोषणा करता/करती हूँ कि मैं/मेरा परिवार वर्तमान में .....
..... (पता) में निवासित है जो कि एटा शहर की नगरपालिका सीमा में अवस्थित है। उक्त आवास में अध्यासन के साक्ष्य के रूप में रेंट एग्रीमेन्ट/गृह स्वामित्व प्रमाण पत्र इत्यादि घोषणा पत्र के साथ संलग्न है।

मेरे द्वारा दी गई उक्त जानकारी किसी भी समय/स्तर पर असत्य पाये जाने की स्थिति में विभाग एच०आर०ए० के सापेक्ष किये गये समस्त भुगतान की प्रत्यास्ति करने एवं नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु स्वतन्त्र होगा।

घोषणाकर्ता/घोषणाकर्ती

दिनांक